एक नजर में



## वसंत विहार में किया गया सामूहिक योग

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को वसंत विहार स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में सामूहिक योग और स्वस्थ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वसंत विहार सांस्कृतिक मंच के तत्वाधान में सुबह आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों क्षेत्रवासियों, महिलाओं और बच्चों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। नरेंद्र कुमार चौरसिया ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखी गई थी। योगाचार्य राजेश अंधारे के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योगाचार्य मनीषा अंधारे और सरोज पोरवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। राजेंद्र परब ने अपने संबोधन में योग को संपूर्ण मानवता के लिए भारत का अमूल्य उपहार बताया। संचालन अनिल रावेरकर ने किया। कार्यक्रम में देवेंद्र राय, रमेश कुमावत, जेएस पांडेय, हरीश घाडगे, लक्ष्मीकांत, लोकेंद्र सिंह बैस, पाटनकर, जगदीश कुमावत, उल्लास बक्षी, डॉ. महेश शर्मा, पं. शिव शंकर चतुर्वेदी, दिलीप सिंह देवड़ा, लोकेंद्र व्यास, नेहंश कुलश्रेष्ठ, एनके गर्ग, संग्राम सिंह चौहान और प्रकाश शाह उपस्थित रहे। वहीं महिला मंडल की ओर से कुमारी फाल्गुनी अग्रवाल, निर्मला हौशे, सुप्रिया अंधारे, निर्मला लोनकर, हेमा गर्ग और सुशीला फरक्या की विशेष उपस्थिति रही।



## शिविर में लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**उज्जैन।** जामा मस्जिद के पीछे राईन हॉल सब्जी मंडी में राईन समाज एवं श्रीजी हॉस्पिटल व जुबली मेडिकल स्टोर के संयुक्त तत्वावधान में आमजन की स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं मानव सेवा के भाव से जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना रहा। शिविर में शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर विशेषज्ञ परामर्श दिया गया। शिविर में डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, स्त्री रोग, बच्चों की जांच, आंखों की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। आंखों की जांच के लिए आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने भी अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर डॉ. उमेश राय, डॉ. राकेश नागर, डॉ. हिना पठान, डॉ. सुमिर वर्मा, डॉ. वासुदेव शर्मा एवं डॉ. रूही खान सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। मो. मजहर राईन ने बताया कि समाज द्वारा समय-समय पर जनहित के कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर अनवर चौधरी, इकबाल चौधरी, इरशाद चौधरी, राजीक राईन, आजम राईन सहित राजा राईन, इहतेशाम राईन, अलीम राईन, अनवर राईन, मोईन राईन, अकरम राईन, सरफराज राईन, उबेद राईन, बबलू राईन, इरफ़ान राईन, अतीक राईन, आसिफ राईन, कल्लू राईन आदि उपस्थित रहे।

## सीए शाखा ने योग दिवस मनाया

**उज्जैन।** 21 जून को मनाया गए 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की आधिकारिक थीम स्वस्थ आयु के लिए योग है, जो बढ़ती उम्र में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने पर केंद्रित है। इसी के अंतर्गत दि इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया ने अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाओं में इसी थीम के तहत योग अभ्यास का आयोजन किया। उज्जैन शाखा अध्यक्ष सीए आशीष तोतला ने बताया योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि शरीर मन एवं आत्मा के संतुलन का माध्यम है। योग के द्वारा तनाव एवं चिंता में कमी आती है, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, एकाग्रता एवं सकारात्मक में बढ़ोतरी होती है इसीलिए हम सभी को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली के लिए योग को अपने जीवन का दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। योग दिवस के अवसर पर कई सीए मेंबर्स ने उपस्थित रहकर योगाभ्यास किया एवं योग दिवस को सार्थक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# योग : बारिश से हुए कीचड़ का संयोग, चूरी ने की साधना पूरी

### योग की ऊर्जा से सराबोर शहर, हजारों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, मंत्री गौतम टेटवाल हुए शामिल

**उज्जैन।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें शनिवार को हुई बारिश से दशहरा मैदान कीचड़ से सराबोर नजर आया, योग के साथ अव्यवस्थाओं का संयोग बना रहा, हालांकि जिला प्रशासन और अन्य सरकारी विभागों ने मेट लगाकर और चूरी बिछाकर आयोजन को पूरा करने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण योग दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित आम जनों जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों को सुनाया गया। उसके बाद जबलपुर से लाइव मुख्यमंत्री भी जुड़े उन्होंने भी प्रदेश को संबोधित करते हुए योग दिवस के विषय में अपनी बात रखी प्रधानमंत्री ने जहां कोलकाता में योग किया और वहां से देश को संबोधित किया वहीं मध्य प्रदेश के दौरे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जबलपुर पहुंची थी ऐसे में सीएम ने महामहिम के साथ योग करके प्रदेश



को संबोधित किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को धर्मनगरी उज्जैन योगमय वातावरण में रंगी नजर आई। दशहरा मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम से लेकर विभिन्न शासकीय संस्थानों, कार्यालयों तक योग के प्रति उत्साह देखने को मिला। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

### खुशहाल जीवन का आधार

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा हाथी पार्क में योग फॉर हेल्दी एजिंग विषय पर योग शिविर आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षिका तृप्ति यादव ने प्रतिभागियों को विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया और नियमित योग को स्वस्थ शरीर, शांत मन और खुशहाल जीवन का आधार बताया। योग दिवस पर शहरभर में हुए कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की एक प्रभावी जीवनशैली है।

### योग प्राचीन धरोहर

दशहरा मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग तनाव और चिंताओं को दूर कर जीवन में सकारात्मकता लाता है, इसलिए इसे केवल एक दिन का आयोजन न मानकर दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता से प्रसारित राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

# मामला महूडी रोड का : हिरासत में आया दोहरे हत्याकांड का फरार आरोपी

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम महूडीपुरा रोड पर 18 जून को मंजू पति सत्यनारायण शर्मा और उसके प्रेमी कालूराम पिता पर्वतलाल वर्मा निवासी बैलाखेड़ा की हत्या होना सामने आया था। दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया था। हत्याकांड को मंजू के दामाद अनिल और उसके भाई कालूराम ने अपने साथी रफीक के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने अनिल और कालूराम को गिरफ्तार कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया। रफीक फरार था, जिसकी तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी गई। शनिवार देर शाम पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। विदित हो कि दोहरे हत्याकांड के बाद दामाद अनिल और कालूराम से पूछताछ में सामने आया था कि अनिल ने मंजू शर्मा की बेटी से 12 लाख रूपये देकर शादी की थी। लेकिन मंजू की बेटी मायके चली गई थी। अनिल को शंका थी कि सास मंजू और उसका प्रेमी पत्नी को ससुराल जाने से रोक रहे है। जिसके चलते उसने भाई और साथी के साथ हत्या की साजिश रचकर दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था।

### शंकरपुर में युवक ने लगाई फांसी

पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में अरविंद पिता हीरालाल नामक युवक ने घर में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय घर पर हीरालाल अकेला था परिवार के लोग हिरसेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। शाम को परिवार के लौटने पर घटना का पता चला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की जाएगी।

# वैद्य संतोष जायसवाल उज्जैन में दे रहे सेवाएं

**उज्जैन।** समृद्ध वन, खुशहाल जन की थीम पर दशहरा मैदान में आयोजित महाकाल वन मेला 2026 में उत्कृष्ट स्टाल निजी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले जबलपुर के नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल अब उज्जैन में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मेले में अत्यधिक भीड़ के कारण कई लोग स्वास्थ्य लाभ लेने से वंचित रह गए थे। जिसे देखते हुए जनता की भारी मांग पर उन्होंने उज्जैन में शिविर लगाने का निर्णय लिया है।

नाड़ी परीक्षा के माध्यम से सटीक रोग निदान करने वाले संतोष जायसवाल उज्जैन में 20 से 25 जून तक प्रकाश टॉकीज के बाजू, क्षीरसागर गेट, नई सड़क स्थित जायसवाल धर्मशाला में मरीजों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वे ओरल कैंसर जैसी गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार में भी सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। गौरतलब है कि महाकाल वन मेला मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ था। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक डॉ. समीता राजोरा भावसे ने नवाचार, आकर्षक प्रस्तुतीकरण, गुणवत्ता और वन उत्पादों के प्रभावी प्रदर्शन के लिए श्री जायसवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था।

उज्जैन के साथ ही प्रदेश के अन्य शहरों के मरीजों की सुविधा के लिए भी समय निर्धारित किया गया है। भोपाल में प्रतिमाह 15 से 19 तारीख तक न्यू मार्केट, टी. टी. नगर स्थित होटल पार्क रंगमहल टॉकीज के बाजू में शिविर रहेगा।

# परिवार के साथ 3 .50 लाख की धोखाधड़ी

- शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त के को वियतनाम भेजने का झांसा

**उज्जैन। शासकीय विभाग से सेवानिवृत्त परिवार के साथ वियतनाम भेजने के नाम पर 3.50 लाख की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। 6 माह बाद मामले में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई।**

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि प्रकाश नगर में रहने वाले 64 वर्षीय हरिप्रकाश पिता कल्याण वाडिया ने शिकायत दर्ज कराई है कि परिवार के साथ वियतनाम जाने का टूर बनाया था। सोशल साईड पर टूर का विज्ञापन दिखाई देने पर उक्त नम्बर पर संपर्क किया गया, जो भोपाल की ड्रीम डेस्टिनेशन ट्रेवल्स का था। उन्होने टूर प्लान बताया, जो काफी अच्छा था। परिवार के सदस्यों के साथ बुकिंग की बात कहीं गई। 15 से 25 दिसंबर 2025 को उन्होंने टिकट के नाम पर ऑनलाइन 3.50 लाख का ट्रांजेक्शन किया। 5 माह बाद वियतनाम जाना था, लेकिन टिकट बुकिंग करने वालों से संपर्क नहीं हुआ। उन्होने भोपाल स्थित पते की जानकारी निकाली तो फर्जी नाम-पता होना सामने आया। जिसके बाद उन्हे धोखाधड़ी का आभास हुआ। हरिप्रकाश द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। जिसकी जांच के बाद मामले में धोखाधड़ी की धारा 318 (4) में प्रकरण दर्ज किया गया है। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। जल्द मामले में धोखाधड़ी करने वालों का पता लगाकर गिरफ्तारी की जायेगी।

# आरोग्य भारती : 3 हजार से अधिक ने किया योग

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आरोग्य भारती उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण टोली द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में 3000 से अधिक छात्र-छात्राओं, महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग शिक्षकों ने योग से निरोग, आओ मिलकर योग करें का संदेश देते हुए बताया कि योग से मन और शरीर स्वस्थ रहते हैं तथा इसके नियमित अभ्यास से असाध्य बीमारियों को भी ठीक किया जा सकता है। आरोग्य भारती ग्रामीण अध्यक्ष एसपी अहिरवार ने बताया कि मुख्य रूप से अवंतिका विश्वविद्यालय, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घटिया, महिदपुर हायर सेकेंडरी स्कूल, केसरपुरा माध्यमिक विद्यालय महिदपुर, रामघाट स्थित रामानुजन कोट, पाटीदार हॉस्पिटल, नागेश्वर धाम कॉलोनी और ग्राम राघव पिपलिया में योग शिविर लगाए गए। जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश करते हुए आरोग्य भारती उज्जैन के संरक्षक डॉ. ओपी पालीवाल ने ट्रेन यात्रा के दौरान भी योग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को योगाभ्यास कराया। विभिन्न स्थानों पर हुए इन कार्यक्रमों में मालवा प्रांत के सह सचिव डॉ. दिवाकर पटेल, संरक्षक डॉ. ओपी पालीवाल, उज्जैन कोषाध्यक्ष सुभाष गोह, महानगर सचिव मनीष अग्रवाल, डॉ. दीपक जोशी, राजेंद्र बारूपाल, रमाकांत मिश्रा, मिथिलेश शर्मा और महेश धमेलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# महाकाल दर्शन कर लौट रहे आंध्र प्रदेश के युवक की मौत

- टायर फटने पर डिवाइडर से टकराई कार, चालक-साथी घायल

**उज्जैन। देवासरोड पर तेजगति से दौड़ती कार का टायर फट गया, कार अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में आंध्रप्रदेश के युवक की मौत हो गई। चालक और पार्टनर को मामूली चोंट लगी है। परिवार के आने पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया।**

आंध्रप्रदेश के श्रीकुलम का रहने वाला मणिकांता 31 साल इंदौर आया था और पार्टनर ओमप्रकाश पिता मांगीलाल धाकड़ निवासी महालक्ष्मीनगर इंदौर के साथ कार चालक बालकिशन पिता राधेश्याम के साथ शनिवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। बताया जा रहा है कि दर्शन के बाद शाम को तीनों वापस इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान नागझिरी थाना क्षेत्र के प्रेमनगर ब्रिज के नीचे चंदेसरी मार्ग देवासरोड पर अचानक कार का टायर फट गया और अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। पीछे बैठा मणिकांता गंभीर घायल हो गया। उसे नानाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। निजी अस्पताल से शव चरक अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि ओमप्रकाश धाकड़ और चालक बालकिशन को मामूली चोंट लगी थी। मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया और परिजनों को सूचना दी गई रविवार दोपहर आंध्र प्रदेश से उज्जैन पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि मणिकांता बीच का कारोबार करता था और पार्टनर ओम प्रकाश से कारोबार के सिलसिले में मिलने इंदौर आता रहता था। इस बार उन्होंने महाकाल दर्शन की योजना बनाई थी।

### बाइक सवार दोस्तों को तूफान ने कुचला, दोनों की मौत

उज्जैन। मोहनपुरा ब्रिज पर रविवार सुबह तेजगति से दौड़ती तूफान ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। चालक तूफान छोड़कर भाग निकला था। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा का रहने वाला किशन पिता राम बौरासी 26 साल क्षेत्र में ही रहने वाले दोस्त विक्रम पिता मदन दास 38 साल के साथ बाइक से मजदूरी पर जा रहा था। मोहनपुरा ब्रिज पर तेज गति से आई तूफान गाड़ी ने दोनों को कुचल दिया। दुर्घटना में दोनों की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हुई जिन्होंने दोनों को पहचान लिया। परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी गई। दोनों की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाई गई दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव अंतिम संस्कार के लिए सौंपे गए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक तूफान गाड़ी छोड़कर भाग निकला था। नंबर के आधार पर चालक की जानकारी जुटा जा रही है।

# महाकाल लोक में एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर इंदौर के निर्देशानुसार महाकाल लोक में विशाल योग सत्र का आयोजन किया गया। 10 मप्र बटालियन और 2 मप्र बटालियन एनसीसी उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 273 से अधिक कैडेट्स ने योगाभ्यास कर स्वस्थ आयु के लिए योग का संदेश दिया। यह आयोजन कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिज्ञासा योग की संस्थापक व निदेशक योग शिक्षिका राधिका चांदनानी ने कैडेट्स को विभिन्न



योगासन, प्राणायाम, ध्यान और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। माधव आर्ट्स के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मोहन निमोले ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कैडेट्स को बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह संतुलित, स्वस्थ और जागरूक जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवनशैली है। कार्यक्रम के अंत में कैडेट्स द्वारा योग शिक्षिका राधिका चांदनानी और प्राची शर्मा को स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका अभिवादन किया गया। आभार बटालियन के सूबेदार मेजर सरबजीत सिंह ने माना।

### इनकी रही आयोजन में उपस्थिति

इस अवसर पर सरबजीत सिंह, हनुमंत सिंह, मेजर डॉ. मोहन निमोले, बलविंदर सिंह, दलजीत सिंह, फर्स्ट ऑफिसर दीपेश घनवत, बीएचएम सोहन सिंह, सतीश राठी, थर्ड ऑफिसर सीमा परमार, रवीश पांडे, सीटीओ शुभम शर्मा, विनीता परमार, एसएन सोनी और तपन गुप्ता सहित बटालियन के समस्त पीआई स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में योग किया

**उज्जैन।** रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र (राजमाता विजय राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्था के प्रमुख डॉ. एके दीक्षित के दिशा निर्देशन में योग संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि योग से मानसिक संतुलन शारीरिक मजबूती तथा सकारात्मक ऊर्जा से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की संभावनाएं बनती हैं। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. रेखा तिवारी वरिष्ठ वैज्ञानिक ने योग के प्रमुख आसन बताएं। इसमें ओम उच्चारण के साथ योग का आरंभ हुआ। डॉ. रेखा तिवारी ने विभिन्न आसनों से होने वाले सकारात्मक परिणाम तथा उनके उपयोग के बारे में बताया गया। केंद्र एवं आर ए आर एस फार्म के समस्त अधिकारी गण, डॉ. एसके सिंह, डॉ. आशीष बोबडे, डॉ. एचआर जाटव, डॉ. मोनी सिंह, अजय गुप्ता तथा र चिता उपस्थित थे।

# संगीत के महाकुंभ में 12-12 घंटे गूंजे सुर, कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

- विश्व संगीत दिवस पर कालिदास
- अकादमी में आयोजन

**उज्जैन।** विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में शहर में आयोजित दो दिवसीय संगीत का महाकुंभ कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्था हारमोनियम बिट्स द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव में 70 संस्थाओं के 800 कलाकारों ने गायन, वादन, नृत्य और बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। दोनों दिन यह कार्यक्रम 12-12 घंटे तक अनवरत चला, जिसने शहर की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई प्रदान की।

संस्था अध्यक्ष प्रीति दीक्षित ने बताया कि इस उत्सव में इस बार कलाकारों की रिकॉर्ड सहभागिता रही। यह कला का एक अनूठा समागम है, जहां संगीत और नृत्य की सभी विधाएं एक ही मंच पर जीवंत हो उठीं। शहर में इतने बड़े स्तर पर कलाकारों का जुटना एक बड़ी उपलब्धि है। इस आयोजन का सीधा प्रसारण महाकाल भक्ति चैनल पर किया गया, जिसे देश-विदेश के लाखों दर्शकों ने देखा।

महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रदेश के प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पंचायती निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर भागवंतानंद गिरी महाराज, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कपिल यार्दे, कालिदास अकादमी के निर्देशक गोविंद गंधे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जया मिश्रा और क्लासिक बैंड मेहर की ज्योति चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

समारोह में ज्योति चौधरी को पांचवा विश्व संगीत सांस्कृतिक कला सम्मान 2026 से अलंकृत किया गया। उन्होंने सम्मान प्राप्ति और महाकाल की नगरी आगमन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि वे यहां पहली बार आई हैं और भविष्य में भी उज्जैन आना चाहेंगी। कार्यक्रम का संचालन प्रीति दीक्षित एवं कोषाध्यक्ष इंजी. मुकेश शिन्दे ने किया तथा संगीत संयोजन संस्था सचिव जयेंद्र रावल द्वारा किया गया।

# पं. सूर्यनारायण व्यास को आज देंगे पुष्पांजलि

- कालिदास अकादमी में शाम 5 बजे
- होगा आयोजन

**उज्जैन। आजादी की लड़ाई में चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों को शरण देने वाले प्रख्यात व्यंग्यकार व विक्रम के संपादक पं. सूर्यनारायण व्यास की 50वीं पुण्यतिथि पर रविवार को उन्हें स्मरण किया जाएगा। कालिदास अकादमी में शाम 5 बजे आयोजित इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में देश-विदेश सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक एकत्र होंगे।**

संयोजक शशांक दुबे ने बताया कि 1942 की क्रांति में गिरफ्तार होने वाले और गुप्त रेडियो स्टेशन चलाने वाले पं. व्यास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर राजशेखर व्यास द्वारा निर्देशित व निर्मित फिल्म स्वाभिमान के सूर्य, वृत्तचित्र और रूपक का प्रसारण दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन की कवरेज के लिए दूरदर्शन और आकाशवाणी की टीम भी उज्जैन पहुंच रही है।

### कार्यक्रम में यह प्रमुख हस्तियां रहेंगी उपस्थित

इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित, डॉ. नारायण व्यास, अभिनेता देवेन्द्र खंडेलवाल, अभिनव चतुर्वेदी, महापौर मुकेश टटवाल, सुनील जैन, डॉ. बालकृष्ण शर्मा, डॉ. श्रीकृष्ण जोशी, डॉ. केदारनाथ शुक्ल, डॉ. केदारनारायण जोशी, डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, शैलेन्द्र शैली, आलोक त्यागी, कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गंधे, अर्जुनसिंह चंदेल, मनोहर बैरागी, राजेन्द्र भारती, टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा, पं. योगेश शर्मा, मयंक शुक्ल, कीर्ति राणा, डॉ. शिव चौरसिया, स्मिता नागदेव, विष्णु बैरागी, प्रो. हरिमोहन बुधौलिया, प्रो. शैलेन्द्र पाराशर, डॉ. पिलकेंद्र अरोरा, प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी और भारत भारती की सचिव डॉ. पांखुरी वक्त सहित शहर की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहेंगी।

एक नजर में

निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं, श्रावण में उमड़ेंगे श्रद्धालु


# वर्षा शुरू, महाकाल में श्रद्धालुओं के दर्शन बाधित न हो : प्रशासक

**उज्जैन।** बारिश के मौसम में श्रद्धालुओं को महाकाल मंदिर में दर्शन के दौरान कोइ दिक्कत न आए। इसको ध्यान में रखते हुए दर्शन की व्यवस्थाएं सुचारु की जाए। यह निर्देश मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने रविवार को पैदल निरीक्षण कर दिए। आने वाले दिनों में श्रावण व भादौ मास के दौरान मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ेंगे। प्रशासक कौशिक ने मंदिर परिसर में प्रचलित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया और कहा कि सभी निर्माण कार्यों को उच्च



गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। आगामी धार्मिक आयोजनों एवं वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण कार्यों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता तथा निर्बाध दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान मंदिर परिसर में आवागमन एवं दर्शन व्यवस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की असुविधा श्रद्धालुओं को न हो इस बात पर ध्यान देने को कहा।

### आज धूमावती जयंती, मंदिर में होगी पूजा



ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी पर सोमवार को मां धूमावती की जयंती पर उज्जैन के भैरवगढ़ रोड पर स्थित बगलामुखी धाम दस महाविद्या मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में होगी। महंत श्री रामनाथ जी महाराज ने बताया कि मां धूमावती दस महाविद्या में एक व प्रमुख देवी है। उनका नाम धूमावती दो शब्दों से मिलकर बना है जिसमें धूम मतलब धुआं और वती मतलब धारण करने वाली, अर्थात् धुएं के समान रहस्यमयी शक्ति। तंत्र साधना में भी उनका विशेष महत्व है। सुबह मां धूमावती का पंडितों द्वारा अभिषेक-पूजन, श्रृंगार, महाआरती कर भक्तों में प्रसादी बांटी जाएगी।